PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA K-AREA, ZIRAKPUR

S.No.	MONTH	TYPES OF COUNSELING	GIST	SIGN
1	August	Menstruation hygiene awareness	•Understanding menstruation •Common myth and facts • Importance of menstrual hygiene products •How to use and disposal of menstrual products •Nutrition and psychological well being • Question and answer session •Conclusion and takeaways	

दैनिक भास्कर मोहाली भास्कर 02-09-2024

मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित

जीरकपुर | जीरकपुर में के-एरिया की प्रिंसिपल पुष्पा शर्मा के निर्देशन में छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ज्योति, त्रिपाठी, सपना, विनीता और नरिंदर कौर ने छात्राओं को मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता से अवगत कराया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में शिक्षित करना और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना था।

अखंडलोक

केवी के एरिया जीरकपुर में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र पर हुआ कार्यक्रम

जीरकपुर, अखंड लोक, संदीप सिंह बावा

केवी के एरिया जीरकपुर में प्राचार्य पुष्पा शर्मा के निर्देशन में छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ज्योति त्रिपाठी, सपना, विनीता, नरिंदर कौर, स्कूल नर्स ने छात्राओं को मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता से अवगत कराया।

इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में शिक्षित करना। आम मिथकों का खंडन करना और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना था। इस सत्र में मासिक धर्म को समझना, मिथक और तथ्य स्वच्छता का महत्व, स्वच्छता उत्पादों का उपयोग, मासिक धर्म से संबंधित चुनौतियां कलंक और विकार आदि विषय शामिल रहे। इस दौरान एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को प्रश्न पूछने और संदेहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सत्र का समापन मुख्य बातों के पुनर्कथन के साथ हुआ। केवी के.एरिया जीरकपुर द्वारा की गई इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को उनके मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए ज्ञान और आत्मविश्वास से सशक्त बनाना है।

07:16